TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

2024

22 सितंबर 2024


# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

नकारात्मक लोगों से दूर रहें, उनके पास हर समाधान के लिए एक समस्या है।

**अल्बर्ट आइंस्टाइन**



राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 22 सितम्बर

S u n d a y

1. **माइकल फैराडे का जन्म–** ब्रिटिश भौतिक विज्ञानी एवं रसायनज्ञ माइकल फैराडे जिन्होंने विद्युत धारा के चुम्बकीय प्रभाव का आविष्कार किया था का जन्म 22 सितम्बर, 1791 ई. को लंदन में हुआ था। इनके खोजों में प्रतिचुम्बकत्व, विद्युत विच्छेदन प्रक्रिया आदि भी शामिल हैं इनके नाम के सम्मान में धारिता की इकाई 'फैराड' (F) रखा गया है। इन्होंने अपना जीवन जिल्दसाज की नौकरी से प्रारंभ किया। समय मिलने पर जिल्दसाजी के लिये आने वाले विज्ञान की पुस्तकों को पढ़ते रहते थे। एक बार 1813 ई. में इन्होंने प्रसिद्ध रसायनज्ञ हम्फ्री डेवी के भाषण को सुना। इन व्याख्यानो पर फैराडे ने टिप्पणीयां लिखकर डेवी के पास भेजा। डेवी इसे पढ़कर काफी प्रभावित हुए और इन्हें अपना सहयोगी बना लिया। ये इतने नम्र थे कि इन्होंने जीवन में कोई पदवी या उपाधि स्वीकार नहीं किया।
   - **संदर्भ:** बच्चों को वर्ग 7 तथा वर्ग 8 की विज्ञान की पाठ्यपुस्तक के **अध्याय 10 'विद्युत धारा के प्रभाव'** से जोड़कर बतायें।

2. **गुरूनानक देव जी का निधन–** सिख धर्म के संस्थापक और सिखों के पहले गुरू नानक देव जी का निधन रावी नदी के किनारे करतारपुर साहिब (पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के नारोवाल जिला में स्थित) में 22 सितम्बर, 1539 ई. को हुआ था। यह सिखों के लिए पवित्र स्थल है।
   - **संदर्भ:** 'अतीत से वर्तमान भाग–2' के अध्याय 9, सिख राज्य

3. **अंतर्राष्ट्रीय गैंडा दिवस–** विश्व में गैंडे के संरक्षण की दिशा में प्रतिवर्ष 22 सितम्बर को विश्व गैंडा दिवस मनाया जाता है। विश्व में गैंडे की पाँच प्रजातियां पायी जाती हैं। यह है– काला, सफेद, ग्रेटर एक सिंगी, सुमात्रा और जावा गैंडे। भारत में दुधवा नेशनल पार्क में एकमात्र गैंडा पुनर्वास परियोजना चलाया जा रहा है। बीसवीं शताब्दी के आखिर में विलुप्ति के कगार पर पहुँच गये एक सींग और विशाल आकार वाले गैंडों की संख्या महज 200 के आसपास रह गई थी। विश्व गैंडा दिवस की सर्वप्रथम घोषणा वर्ष 2010 में डब्ल्यूडब्ल्यूएफ–दक्षिण अफ्रीका द्वारा की गई थी। सेव द राइनो संगठन के अनुसार वर्ष 1970 में 70,000 गैंडों की संख्या थी जो अब घटकर लगभग 29,000 रह गई है।
   - **संदर्भ:** 'विज्ञान भाग 3' के अध्याय 12

4. **वर्ल्ड कार फ्री डे–** विश्व भर में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कार फ्री डे मनाया जाता है। इस दिन लोगों द्वारा कार को प्रतिबंधित कर दिया जाता है। इस दिन लोग अपनी निजी कार या वाहन के बदले पैदल या साइकिल से ऑफिस, बाजार आदि जाते हैं। इससे वाहनों से निकलने वाली प्रदूषण कम हो जाती है।

# दिवस विशेष

22 सितंबर


मधु प्रिया


## माइकल फैलाने का जन्म 22 सितंबर



माइकल फैराडे का जन्म 22 सितंबर 1791 ई. को हुआ। इनके पिता बहुत गरीब थे और लुहारी का कार्य करते थे। इन्होंने अपना जीवन लंदन में जिल्दसाज की नौकरी से प्रारंभ किया। समय मिलने पर रसायन एव विद्युत् भौतिकी पर पुस्तकें पढ़ते रहते थे। सन् 1813 ई. में प्रसिद्ध रसायनज्ञ, सर हंफ्री डेवी, के व्याख्यान सुनने का इन्हें सौभाग्य प्राप्त हुआ। इन व्याख्यानों पर फैराडे ने टिप्पणियाँ लिखीं और डेवी के पास भेजीं। सर हंफ्री डेवी इन टिप्पणियों से बड़े प्रभावित हुए और अपनी अनुसंधानशाला में इन्हें अपना सहयोगी बना लिया। फैराडे ने लगन के साथ कार्य किया और निरंतर प्रगति कर सन् 1833 में रॉयल इंस्टिट्यूट में रसायन के प्राध्यापक हो गए।अपने जीवनकाल में फैराडे ने अनेक खोजें कीं। सन् 1831 में विद्युच्चुंबकीय प्रेरण के सिद्धांत की महत्वपूर्ण खोज की। चुंबकीय क्षेत्र में एक चालक को घुमाकर विद्युत्-वाहक-बल उत्पन्न किया। इस सिद्धांत पर भविष्य में जनित्र (generator) बना तथा आधुनिक विद्युत् इंजीनियरी की नींव पड़ी। इन्होंने विद्युद्विश्लेषण पर महत्वपूर्ण कार्य किए तथा विद्युद्विश्लेषण के नियमों की स्थापना की, जो फैराडे के नियम कहलाते हैं। विद्युद्विश्लेषण में जिन तकनीकी शब्दों का उपयोग किया जाता है, उनका नामकरण भी फैराडे ने ही किया। क्लोरीन गैस का द्रवीकरण करने में भी ये सफल हुए। परावैद्युतांक, प्राणिविद्युत्, चुंबकीय क्षेत्र में रेखा ध्रुवित प्रकाश का घुमाव, आदि विषयों में भी फैराडे ने योगदान किया। आपने अनेक पुस्तकें लिखीं, जिनमें सबसे उपयोगी पुस्तक "विद्युत् में प्रायोगिक गवेषणाएँ" (Experimental Researches in Electricity) है। फैराडे जीवन भर अपने कार्य में रत रहे। ये इतने नम्र थे कि इन्होंने कोई पदवी या उपाधि स्वीकार न की। रायल सोसायटी के अध्यक्ष पद को भी अस्वीकृत कर दिया। धुन एवं लगन से कार्य कर, महान वैज्ञानिक सफलता प्राप्त करने का इससे अच्छा उदाहरण वैज्ञानिक इतिहास में न मिलेगा। सर हंफ्री डेवी भी फैराडे को अपनी सबसे बड़ी खोज मानते थे। उन्होंने पूरे विश्व में सबसे पहले मोटर की कल्पना की और एक प्रयोग में विद्युत से एक छड को विद्युत धारा में उत्पन्न चुम्बकीय क्षेत्र से घुमाया जो कि उनकी पहली खोज थी। माइकल फैराडे की मृत्यु 25 अगस्त 1867 ई. को हुई।

# पुण्यतिथि विशेष 22 सितंबर

राकेश कुमार



## मंसूर अली खान पटौदी

Death Anniversary

**5 January 1941 - 22 September 2011**

**मंसूर अली ख़ान पटौदी** अथवा 'नवाब पटौदी' *Mansoor Ali Khan Pataudi*, जन्म- 5 जनवरी, 1941, भोपाल, मध्य प्रदेश; मृत्यु- 22 सितंबर, 2011 दिल्ली) भारतीय क्रिकेट टीम के भूतपूर्व कप्तान और महान् खिलाड़ी थे। अपनी कलात्मक बल्लेबाजी से अधिक कप्तानी के कारण क्रिकेट जगत् में अमिट छाप छोडऩे वाले मंसूर अली ख़ान पटौदी ने भारतीय क्रिकेट में नेतृत्व कौशल की नई मिसाल और नए आयाम जोड़े थे।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 22.09.2024

## मानकीकृत परीक्षण

मानकीकृत परीक्षण एक ऐसा परीक्षण है जिसे सुसंगत, या "मानक" तरीके से प्रशासित और स्कोर किया जाता है। मानकीकृत परीक्षणों को इस तरह से डिज़ाइन किया जाता है कि प्रश्न और व्याख्याएँ सुसंगत हों और उन्हें पूर्वनिर्धारित, मानक तरीके से प्रशासित और स्कोर किया जाता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



चीन की सबसे ऊंची इमारत शंघाई टॉवर है, जो दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची इमारत है। यह शंघाई के पुडोंग में स्थित है और 632 मीटर (2,073 फीट) ऊंची है। इसमें 128 मंजिलें हैं, और 118वीं और 119वीं मंजिल पर अवलोकन डेक हैं, जो बुर्ज खलीफा के बाद दुनिया का दूसरा सबसे ऊंचा अवलोकन डेक है। बाहर से यह इमारत DNA स्ट्रैंड जैसी दिखती है।

# क्रिकेट

## एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा बार 1000 रन (भारत के लिए)





*आंकड़े तीनों फॉर्मेट मिलाकर है

## भारतीय पेसर के 400 विकेट




*आंकड़े तीनों फॉर्मेट मिलाकर है


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
22 सितंबर
अंतर्राष्ट्रीय
बेटी दिवस
पर सभी बेटियों को उनके उज्जवल
भविष्य हेतु शुभकामनाएं
बेटी बचाओ
बेटी पढ़ाओ
Punita Kumari
www.teachersofbihar.org



22 सितंबर
गुरु नानक देव जी के सद्कर्म, हमें सदा राह दिखाएंगे,
वाहे गुरु के ज्ञान से सबके बिगड़े काम बन जाएंगे..
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
गुरु नानक देव
की पुण्यतिथि पर उन्हें शत्-शत् नमन
Punita Kumari
www.teachersofbihar.org

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

# महान वैज्ञानिक

# माइकल फैराडे

की जयंती पर
श्रद्धापूर्वक नमन।






Madhu priya

www.teachersofbihar.org


Happy Daughter's Day
बेटियां सभी के नसीब में कहा होती है
घर ईश्वर को पसंद आए वहां होती है।
22 सितंबर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
देशवासियों को बेटी दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं।
www. teachersofbihar.org
Madhu priya